पत्र संख्या–26/विविध–01–08/2025 ............................./

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

**आदेश**

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना परिक्षेत्राधीन पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, अनिसाबाद, पटना अंतर्गत Pucca Protection of Left bank of Punpun River Near village Pitmas in Block Naubatpur in Dist Patna में कटाव निरोधक कार्य एकरारनामा सं0–169F2/2024-25 (एजेण्डा सं0–220/340/2025) के तहत संवेदक श्री अमलेन्दू भूषण, गोरखरी, विक्रम, जिला–पटना, पिनकोड–801104 को कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि–15.05.2025 थी। कार्य की धीमी प्रगति के कारण विभागीय पदाधिकारियों द्वारा कार्य को गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप ससमय पूर्ण करने हेतु संवेदक को बार–बार स्मारित किया गया। इसके बावजूद भी संवेदक द्वारा कार्य को पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं ली गयी। कार्य को ससमय पूरा करने में अभिरूचि नहीं लेने के कारण मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना के पत्रांक–2255 दिनांक–17.06.2025 द्वारा संवेदक को डिबार करने की अनुशंसा की गई। तत्पश्चात विभागीय पत्रांक–2765 दिनांक–20.06.2025 द्वारा संवेदक से कारण–पृच्छा की गई।

निर्धारित समयावधि में संवेदक से कारण पृच्छा प्रत्युत्तर अप्राप्त रहने की स्थिति में उपलब्ध अभिलेखों एवं साक्ष्यों के आधार पर मामले की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत पाया गया कि विभागीय पदाधिकारियों द्वारा दिये गये निदेश के बावजूद कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय पूर्ण करने हेतु संवेदक द्वारा सम्यक प्रयास नहीं किया गया। जिससे दिनांक–29.06.2025 तक कार्य की प्रगति मात्र 56 प्रतिशत हीं रही, जो वर्क प्रोग्राम के अनुसार समानुपातिक नहीं है।

कार्य को गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप ससमय पूर्ण नहीं करना संवेदक की कर्तव्यहीनता एवं कार्य के प्रति घोर लापरवाही की मंशा को परिलक्षित करता है। उक्त आरोप के लिए संवेदक श्री अमलेन्दू भूषण, गोरखरी, विक्रम, जिला–पटना, पिन–801104 को डिबार किये जाने का निर्णय सक्षम प्राधिकार द्वारा लिया गया है।

उक्त निर्णय के आलोक में इस कार्य को पूर्ण होने तक संवेदक श्री अमलेन्दू भूषण, ग्राम+पो0–गोरखरी, थाना–विक्रम, जिला–पटना, पिनकोड–801104 (निबंधन सं0–22/2024, श्रेणी–द्वितीय) को डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया जाता है।

ह0/–
(शरद कुमार)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक : ..........................................................पटना/दिनांक :..............................................................

प्रतिलिपिः– श्री अमलेन्दू भूषण, ग्राम+पो0–गोरखरी, थाना–विक्रम, जिला–पटना, पिनकोड–801104 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

2

ज्ञापांक :........3205........../पटना, दिनांक :......11.7.25.........

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/सचिव/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग/सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग/सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना/अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल-2,3,4, पटना/निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग/कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

9/7/2025

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

9/7/25